**उत्तर प्रदेश विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-5 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| **5-** (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि नगर पालिका परिषद उन्नाव के अन्तर्गत पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अमृत योजना का कार्य कब से प्रारम्भ किया जाता है ? | अमृत कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद, उन्नाव जनपद-उन्नाव में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु पेयजल योजना फेज-।। का कार्य दिनांक 02-07-2018 से प्रारम्भ किया गया है। |
| (ख) उक्त योजना के अन्तर्गत खोदी गयी सड़कों की मरम्मत दिनांक 31 दिसम्बर, 2024 तक करा दी गयी है ? | नगर पालिका परिषद, उन्नाव में पाइप लाइन के माध्यम से पेयजलापूर्ति हेतु पेयजल योजना फेज-।। के अन्तर्गत रू० 78.28 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त योजनान्तर्गत नगर पालिका परिषद, उन्नाव को 10 जोनों में विभक्त कर स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु पाइप लाइन बिछाने, पाइप लाइन टेस्टिंग, गृह संयोजन देने एवं तत्संबंधी कार्य प्रगति पर है।<br>प्रश्नगत क्षेत्र में अमृत योजनान्तर्गत कुल 360.32 कि0मी0 प्रस्तावित वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पाइप लाइन बिछाने हेतु खोदी गयी सड़कों की पुनर्स्थापना का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है, परन्तु योजनान्तर्गत पाइप लाइन टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर होने के कारण लगभग 4 से 5 कि0मी0 सड़कों की पुनर्स्थापना का कार्य किया जाना शेष है। उक्त पाइप लाइन के टेस्टिंग का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त अवशेष सड़कों की मरम्मत का कार्य भी पूर्ण करा दिया जायेगा। |
| (ग) यदि हाँ, तो मोहल्ला कल्याणी देवी में संतोष कुमार बाथम के घर से लोधनहार पुलिया तक अमृत योजना के अन्तर्गत प्रत्येक घर में पानी की आपूर्ति कब तक प्रारम्भ करायेंगे ? | मोहल्ला कल्याणी देवी में संतोष कुमार बाथम के घर से लोधनहार पुलिया तक की कुल लम्बाई 400 मी0 है। उक्त क्षेत्र में 300 एवं 250 एम0एम0 डायामीटर की डी0आई0 पाइप लाइन बिछायी जा चुकी है तथा उक्त क्षेत्र में 100 गृह संयोजन दिया जाना है। उक्त कार्यो को आगामी 01 माह में पूर्ण कराकर जलापूर्ति करना प्रस्तावित है। |

**ए.के. शर्मा**
**मंत्री**
**नगर विकास विभाग।**